''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 23.06.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों/फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया –

1. श्री विशाल कुमार यादव – अपरजिलाधिकारी (न्यायिक), रायबरेली।
2. एस रहमान – अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
3. श्री शैलेन्द्र – सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
4. श्री अनुज कुमार – सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
5. श्री प्राशू गंगवार – सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
6. श्री राकेश सिंह – डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर, मे० आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली। (डी०पी०एम०यू०)
7. श्री उदय सिंह राजावत – प्रतिनिधि, मे० सेन्सिस टेक लिमिटेड, (टी०पी०आई०), रायबरेली।
8. श्री अनिल मण्डाला – परियोजना प्रबन्धक, मे० एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
9. श्री डी0पी0 सिंह – परियोजना प्रबन्धक, मे० वी0टी0एल0, रायबरेली।
10. समस्त चयनित आई0एस0ए0 प्रतिनिधि, जनपद रायबरेली।
11. श्री नितीश रंजन – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स जी0एस0 प्रोडक्ट्स
12. श्री आलोक सिंह – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स रतन कंस्ट्रक्शन
13. रशीद अंसारी – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स के0डी0 कंस्ट्रक्शन
14. श्री निष्कर्ष सिंह – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स सी0एस0 इंटरप्राइजेज
15. बिलाल अहमद – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स रॉयल इंजीनियरिंग
16. श्री शिवेश मनि – कांक्ट्रैक्टर, शर्मा एसोसिएयट्स
17. श्री प्रद्युम्न – परियोजना प्रबंधक, मेसर्स उपेन्द्र कंस्ट्रक्शन
18. श्री आशीष पटेल – डी0पी0एम0, विक्रान इंजीनियरिंग
19. सम्बन्धित आई0एस0ए0 प्रतिनिधि

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–

1– भूमि की स्थिति :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० लि० को 434 नग पेयजल योजनाओं के 440 ग्राम पंचायतों के 675 राजस्व ग्रामों में कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 439 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 01 नग ग्राम पंचायतो में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है एवं मे० वी0टी0एल0 को 213 नग पेयजल योजनाओं के 232 नग ग्राम पंचायत, 361 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 228 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 02 नग ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा तथा 01 नग ग्राम पंचायत की भूमि विवादित है एवं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं हेतु 240 नग ग्राम पंचायत, 432 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 236 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 04 नग ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है। जिस क्रम में जल निगम के सहायक अभियन्ता/डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक को निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित तहसीलदार/उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष भूमि का चिन्हाकन एवं पुर्नग्रहण कराने के साथ विवादित स्थलों को सुलझाने हेतु विशेष प्रयास करें।

2. कार्य की प्रगति समीक्षा :–

I- फेज–2 मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० को 440 ग्राम पंचायत, 675 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 444 | 437 | 98.42 | 04 नग कार्य प्रगति पर, 03 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 02 | नल कनेक्शन | संख्या | 216805 | 211008 | 97.33 | 536 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ, 319 राजस्व ग्रामों में हर घर जल, 249 राजस्व ग्रामों में हर घर जल प्रमाणित |
| 03 | शिरोपरि जलाशय | संख्या | 438 | 200 | 45.66 | 0-25%- 05<br>26-50%- 13<br>51- 75% - 70<br>76 - 99% - 79<br>64 नग पर टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर<br>07 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 04 | सोलर | संख्या | 444 | 384 | 86.49 | 28 नग कार्य प्रगति पर, 32 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 05 | पम्प हाउस | संख्या | 444 | 387 | 87.16 | 22 नग कार्य प्रगति पर, 35 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 06 | वितरण प्रणाली | कि0मी0 | 6199 | 5788 | 93.37 | शेष पर कार्य प्रगति पर |

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत मे० एन०सी०सी० हैदराबाद के पास मैनपॉवर व मशीनरी न होने के कारण शिरोपरि जलाशय व नियमित जलापूर्ति के कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं, जिस पर परियोजना प्रबंधक मे० एन०सी०सी० लि० द्वारा अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में मैनपॉवर उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक घटक के कार्यो में प्रगति लायेगे। निर्देश दिये गये कि मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें, प्रत्येक दशा में शिरोपरि जलाशय एवं नल कनेक्शन पर साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराते हुए एवं माहवार प्रत्येक घटक की योजना बनाकर उपलब्ध कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

II- फेज–3 मे० वी०टी०एल०, नोएडा–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० वी०टी०एल० लि० को 242 ग्राम पंचायत, 361 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 236 | 231 | 97.88 | 05 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 02 | नल कनेक्शन | संख्या | 102644 | 96281 | 93.80 | 223 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ, 201 राजस्व ग्रामों में हर घर जल, 115 राजस्व ग्रामों में हर घर जल प्रमाणित |
| 03 | शिरोपरि जलाशय | संख्या | 214 | 24 | 11.21 | 0-25%- 00<br>26-50%- 02<br>51- 75% - 50<br>76 - 99% - 77<br>58 नग पर टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर<br>20 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 04 | सोलर | संख्या | 210 | 210 | 100.00 | – |
| 05 | पम्प हाउस | संख्या | 236 | 223 | 94.49 | 13 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 06 | वितरण प्रणाली | कि0मी0 | 3408 | 3307 | 97.04 | शेष पर कार्य प्रगति पर |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि, मे० वी0टी0एल0, नोएडा के पास मैनपॉवर व मशीनरी न होने के कारण शिरोपरि जलाशय व नियमित जलापूर्ति के कार्यो की प्रगति प्रभावित हुई है तथा मे० वी0टी0एल0, नोएडा को मैनपावर बढ़ाये जाने हेतु लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं, जिस पर परियोजना प्रबंधक मे० वी0टी0एल0, नोएडा द्वारा अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में मैनपॉवर उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक घटक के कार्यो में प्रगति लायेगे। निर्देश दिये गये कि मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें प्रत्येक दशा में शिरोपरि जलाशय एवं नल कनेक्शन पर माहवार कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराते हुए एवं माहवार प्रत्येक घटक की योजना बनाकर उपलब्ध कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

III- उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली की प्रगति का विवरणः–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को 240 ग्राम पंचायत, 432 राजस्व ग्रामों को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र0सं0 | मद | इकाई | लक्ष्य | पूर्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नलकूप | संख्या | 253 | 170 | 67.19 | 47 नग पर कार्य प्रगति पर, 05 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 02 | नल कनेक्शन | संख्या | 124292 | 79781 | 64.19 | 67 राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ, 54 राजस्व ग्रामों में हर घर जल, 22 राजस्व ग्रामों में हर घर जल प्रमाणित |
| 03 | शिरोपरि जलाशय | संख्या | 211 | 45 | 20.85 | 0-25%- 63<br>26-50%- 33<br>51- 75% - 21<br>76 - 99% - 20<br>29 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 04 | सोलर | संख्या | 255 | 44 | 16.08 | – |
| 05 | पम्प हाउस | संख्या | 253 | 137 | 54.15 | 62 नग पर कार्य प्रगति पर, 54 नग पर कार्य अनारम्भ |
| 06 | वितरण प्रणाली | कि0मी0 | 2944 | 2358.47 | 80.11 | शेष पर कार्य प्रगति पर |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) की निविदा प्रक्रिया में देरी होने के कारण कार्य प्रारम्भ कराने में विलम्ब हुआ है, जिसके कारण कार्यो की प्रगति धीमी है। निर्देश दिये गये कि मैनपॉवर व मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए नल कनेक्शन, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली तथा सोलर पर सामान्तर साप्ताहिक कार्य योजना बनाते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जा सके तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े तथा निर्देश दिये गये कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा कराये जा रहे कार्यो के फर्मो को धीमी प्रगति हेतु एवं अनुपस्थित फर्मो के प्रतिनिधियों को कारण बताओं नोटिस जारी करें।

**(कार्यवाही मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद/ मे०विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०–गाजा इंजीनियरिंग प्रा०लि०जे०वी०, नोएडा/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण))**

4 – इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर जनजागरूकता, सामुदायिक भागीदरी नियोजन के सम्पादन में सहयोग हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित कर 10 कार्यदायी संस्था को आई0एस0ए0 के कार्यो हेतु जनपद रायबरेली का आवंटन किया गया है। कार्यदायी संस्था को 03 चरणों में कार्य कराया जाना है। जिसमें प्रथम चरण प्लानिंग एण्ड मोबलाईजेशन फेज, द्वितीय चरण इम्प्लीमेन्टेशन फेज एवं तृतीय चरण पोस्ट इम्प्लीमेन्टेशन फेज में कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु 10 कार्यदायी संस्था को 15 कलस्टर (प्रति कलस्टर 40 ग्राम पंचायत) आवंटित किये गये है। जिसके सापेक्ष 09 कार्यदायी संस्था द्वारा प्रथम चरण का का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। एवं 5 कार्यदायी संस्था द्वारा द्वितीय चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 01 कार्यदायी संस्था (गोण्डवाना रिसर्च फाउण्डेशन) को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जनपद आवंटन किया है। जिसके द्वारा प्रथम चरण का कार्य कराया जा रहा था, वर्तमान में इनके द्वारा कोई भी कार्य नही किया जा रहा है जिनके द्वारा

किये जा रहे कार्यो/गतिविधियों की सूचना/विवरण मोबाइल ऐप jjmup.org पर नियमित रूप से कार्यदायी संस्था द्वारा अपलोड किया जाता है। जिनके कार्यो का गहन अनुश्रवण जनपद स्तर पर डी0पी0एम0यू0 में कार्यरत आई0एस0ए0 को–आर्डिनेटर द्वारा एवं राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ में कार्यरत आई0एस0ए0 को–आर्डिनेटर द्वारा किया जाता है। जिस पर अपरजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है कि आई0एस0ए0 द्वारा ग्राम पंचायतों में कराई जा रही गतिविधियो/कार्यो का माहवार योजना तैयार करते हुए ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं वी0डब्लू0एस0सी0 के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्व में ही कार्य योजना बताते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा आवंटित कलस्टरों के राजस्व ग्रामों में एफ0टी0के0 टेस्टिंग की प्रगति अत्यन्त धीमी है जिस सम्बन्ध में समस्त कार्यदायी संस्था आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि आवंटित समस्त राजस्व ग्रामों में एफ0टी0के0 टेस्टिंग कराया जाना सुनिश्चित करें तथा समस्त आई0एस0ए0 को एफ0टी0के0 टेस्टिंग की धीमी प्रगति व पर्याप्त न होने तथा अनुपस्थित आई0एस0ए0 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही समस्त चयनित आई0एस0ए0/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)

अंत में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियो को धन्यवाद यापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

अपरजिलाधिकरी (न्यायिक)
रायबरेली।

## अपरजिलाधिकारी (न्यायिक), रायबरेली।

पत्रांक : 827 / W-2 / 29 दिनांक : 3/07/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, रायबरेली।
4. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०– गाजा इंजी० प्रा०लि० जे०वी०, नोएडा।
8. टीम लीडर, मेसर्स सेन्सिस टेक लिमिटेड, रायबरेली।
9. जिला समन्वयक, मे० आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली (डी०पी०एम०यू०)।

03/07/25
अपरजिलाधिकरी (न्यायिक)
रायबरेली।